ऐप नहीं भारत को भविष्य की टेक्नोलॉजी चाहिए

स्टार्टअप्स को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की दो टूक

गोयल के बयान पर ज़ेप्टो- स्टार्टअप फाउंडर्स ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली,05 अप्रैल. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने हमारे स्टार्टअप्स को चैलेंज दिया, भविष्य का रास्ता बताया. देश में चल रहे स्टार्टअप्स को आईना दिखाया. पीयूष गोयल ने कहा कि हमारे देश में जिस तेजी से स्टार्टअप्स की तादाद बढ़ रही है,वो दिल को खुश करने के लिए अच्छा है, लेकिन जिस तरह के स्टार्टअप्स सामने आ रहे हैं, वो चिंता की बात है.

गोयल ने कहा कि हमारे देश में स्टार्टअप का मतलब बिजनेस हो गया है, कोई फैंसी आइसक्रीम बना रहा है, कोई ग्लूटेन फ्री बिस्किट का स्टार्ट-अप चला रहा है, तो कोई क्विक डिलीवरी ऐप बनाकर खुश हैं. गोयल ने सवाल उठाया कि क्या इस तरह के स्टार्टअप्स से देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को फायदा होगा, अर्थव्यवस्था को फायदा होगा.

गोयल ने चीन के स्टार्टअप्स का उदाहरण दिया. कहा कि हम क्विक डिलीवरी ऐप बना रहे हैं और चीन के लोग माइक्रोचिप और सेमीकंडक्टर बना रहे हैं, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के टूल डेवेलप कर रहे हैं, हम लोगों के घरों में खाना और दूसरा सामान पहुंचाकर खुश हैं जबकि चीन के लोग दूसरे देशों को माइक्रोचिप और इलेक्ट्रिक कार बैटरीज सप्लाई कर रहे हैं. मुझे लगता है पीयूष गोयल की बात में वजन है. इस तरह के स्टार्टअप 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में मददगार साबित नहीं होंगे. ये मसला गंभीर है और देश के भविष्य से जुड़ा है.



जो बड़ी कंपनियां स्टार्टअप को कर्ज़ देती है, उस पर कंपनियों को टैक्स में छूट मिलती है. इतनी सहूलियत देने के बाद भी अगर हम सिर्फ डिलिवरी एप बनाकर खुश रहें, तो चिंता की बात तो है. अब ज़माना बदल गया है. नए डिलीवरी एप अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी giants का मुकाबला तो नहीं कर सकते और जब तक हमारे देश के स्टार्टअप्स इस लायक बनेंगे, तब तक मार्केट में बहुत कुछ नया आ चुका होगा. इसीलिए भविष्य की तरफ देखने की जरूरत है.

गोयल के भाषण के बाद क्विक कॉमर्स स्टार्ट अप ज़ेप्टो के फाउंडर आदित पलीचा, भारत-पे के फाउंडर अशनीर ग्रोवर, इन्फोसिस के बोर्ड मेंबर मोहनदास पाई ने बयान पर ऐतराज़ जताया. आदित पलीचा ने ट्विटर पर लंबी चौड़ी पोस्ट लिखी और कहा कि भारत के स्टार्ट-अप की आलोचना करना बहुत आसान है, लेकिन कोई ये नहीं देखता कि चीन और अमेरिका की स्टार्ट-अप अगर कमाल कर रही हैं, तो वहां का माहौल क्या है.

आदित ने कहा कि 5द्गश्चह्लश ने पिछले तीन-चार साल में डेढ़ लाख लोगों को रोज़गार दिया, और सरकार को एक हज़ार करोड़ से ज़्यादा का टैक्स अदा करता है. जब स्टार्टअप्स के लोग ऐतराज़ करने लगे तो पीयूष गोयल फिर स्टार्टअप महाकुंभ में गए और कहा कि सरकार तो चाहती है कि भारत के स्टार्टअप्स दुनिया में सबसे बड़े बनें,सबसे बेहतरीन काम करें, लेकिन सिर्फ बोलने से नहीं होगा, कुछ नया करके दिखाना होगा. गोयल ने कहा कि उनका सुझाव है कि अब रिसर्च पर फोकस किया जाए, तभी हम भविष्य की चुनौतियों का मुक़ाबला कर पाएंगे.

मुझे लगता है पीयूष गोयल ने जो कहा, वो सच कहा. उन्होंने स्टार्टअप चलाने वालों को सिर्फ आईना दिखाया, नौजवानों को प्रोत्साहित करने के लिए कड़वी बात कही. उनकी बात को इसी भावना से लेना चाहिए. देश में अब तक पौने दो लाख स्टार्टअप हैं. स्टार्टअप्स रोजगार तो दे रहे हैं, चाहे फूड डिलवरी ऐप हों, सर्विसेज के एप हों, या मार्केटिंग के दूसरे ऐप, इनसे कम पढ़े लिखे गरीब और मध्यम वर्ग के नौजवानों को काम तो मिल रहा है. ये अच्छी बात है. ये इसका सकारात्मक पक्ष है. पर इस तरह के ह्यह्लड्डह्म्ह्ल ह्वश्च सिर्फ डिलीवरी ड्ढश्4ह्य पैदा कर रहे हैं. इससे देश की अर्थव्यवस्था, देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर, हमारे निर्यात को कोई फायदा नहीं हो रहा.

ट्रम्प का टैरिफ : भारत चुनौती का सामना कैसे करे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जो टैरिफ युद्ध शुरू किया है, उसका असर दुनिया भर में दिखने लगा है. अमेरिका के शेयर बाजार समेत भारत से लेकर जापान, चीन, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय देशों तक के शेयर बाज़ार में भारी गिरावट हुई. इन्वेस्टर्स ने शेयर मार्केट से पैसा निकालना शुरू कर दिया. हमारे यहां निवेशकों के क़रीब 10 लाख करोड़ रुपए शेयर बाज़ार में डूब गए.



2000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन

राजनाथ ने नौसेना की ताकत बढ़ाने वाली परियोजनाओं का उद्घाटन

नयी दिल्ली, 05 अप्रैल (वार्ता) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया.

नौसेना के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आये रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवार में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा, कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया .

शिवराज ने की डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील

नयी दिल्ली 05 अप्रैल (वार्ता) केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के साथ बातचीत की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह से अनशन समाप्त करने की अपील की है. चौहान ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ पहले से तय तिथि के अनुसार चार मई को बातचीत होगी. केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच उनकी मांगों को लेकर चल रहा बातचीत का सिलसिला लगातार जारी है.



दिल्ली-एनसीआर में बढ़ेगी गर्मी, 42 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

नई दिल्ली, 05 अप्रैल. दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने वाली है. भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 6 से 7 अप्रैल के बीच तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है. मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के लिए लू और गर्मी को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है. इन इलाकों में तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है. 6 अप्रैल को तापमान और बढ़ेगा-अधिकतम 40 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री रहने की संभावना है. 7 अप्रैल को 41 डिग्री और 8 अप्रैल को तापमान 41 डिग्री से भी ऊपर जा सकता है. 9 से 11 अप्रैल तक भी गर्मी कम होने के आसार नहीं हैं. इन दिनों तापमान 40 डिग्री रहेगा.

एक नजर में

नाइजीरिया में खूनी हमला, 52 की मौत

अबुजा. मध्य नाइजीरिया में संदिग्ध बंदूकधारियों ने इस सप्ताह के दौरान कम से कम 52 लोगों की हत्या कर दी. स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. बुधवार रात से हुए हमलों ने प्लेट्यू राज्य के बोक्कोस स्थानीय सरकार क्षेत्र में समुदायों में दहशत पैदा कर दी है. बोक्कोस सांस्कृतिक विकास परिषद वैनगार्ड के प्रमुख फार्मासुम फुडांग ने राज्य की राजधानी जोस में संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों ने स्थानीय लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और घरों में आग लगा दी. हमलों में कई लोग मारे गये और कई अन्य घायल हो गये. फुडांग शवों की तलाश में आस-पास की झाड़ियों की तलाशी लेने में अन्य स्वयंसेवकों का नेतृत्व कर रहे हैं.

पाक में आईएमएफ की दूसरी भ्रष्टाचार जांच टीम पहुंची

इस्लामाबाद. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार, धन शोधन , व्यय का आकलन और सुधार की सिफारिश करने के लिए पाकिस्तान में दूसरा भ्रष्टाचार निरोधक दल भेजा है. एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे भ्रष्टाचार निरोधक दल की चार अप्रैल से 14 अप्रैल तक पाकिस्तान में रहेगा. इस दौरान दल की पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और जवाबदेही अदालत सहित 30 से अधिक सरकारी विभागों और संस्थानों के साथ गहन बैठकें होंगी. आईएमएफ टीम पाकिस्तान शुगर मिल्स एसोसिएशन (पीएसएमए) के साथ बैठक करेगी, ताकि मूल्यों में हेरफेर जैसे मामलों की चल रही जांच पर चर्चा की जा सके. जिसके कारण पाकिस्तान के प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीपी) ने मूल्य हेरफेर और कार्टेलाइजेशन के लिए एसोसिएशन पर अरबों रुपये का जुर्माना लगाया है.

चीन ने अमेरिका में टिकटॉक सौदा रोका

मॉस्को. चीन ने हाल ही में चीनी वस्तुओं पर घोषित अमेरिकी आयात शुल्क के कारण टिकटॉक की अमेरिकी परिसंपत्तियों को अलग करने के सौदे को मंजूरी नहीं दी है. एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा दो अप्रैल तक काफी हद तक अंतिम रूप ले चुका था और इसमें सोशल मीडिया के अमेरिकी परिचालन को एक नई अमेरिकी-आधारित कंपनी में बदलना शामिल था जिसमें अमेरिकी निवेशकों की बहुलांश हिस्सेदारी थी. इस सौदे में बाइटडांस की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत होती. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सौदे को टिकटॉक के मौजूदा और नए निवेशकों, बाइटडांस और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा पहले ही मंजूरी दे दी गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को खुलासा किया कि वह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे जिससे टिकटॉक को अमेरिका में अगले 75 दिनों तक परिचालन जारी रखने की अनुमति मिल जाएगी. इसके अधिग्रहण की प्रगति के बारे में बातचीत चल रही है. बाद में, टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस ने कहा कि वह वीडियो ऐप कंपनी के अमेरिका में संचालन से संबंधित चल रहे मुद्दे को हल करने के लिए संभावित तरीके पर अमेरिकी सरकार के साथ चर्चा कर रही है.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय: प्लाट नं. 160-161, पीयू-4, सी-21 माल के पीछे, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड, इन्दौर

आधिपत्य की जाहिर सूचना (अचल/चल संपत्ति बाबत्)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं से मांग सूचना की दिनांक से **60** दिन की समयावधि में ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की गई थी। चूंकि ऋणगृहिताओं ने अदायगी में त्रुटी की है अत: ऋणगृहिताओं एवं जमानतदारों तथा सर्वसाधारण जनता को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अन्तर्गत दिनांक को प्राप्त कर लिया है ऋणगृहिताओं को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें यदि कोई संव्यवहार किया गया तो वह **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के ऋणगृहिताओं के समक्ष वर्णित राशि एवं ब्याज के चार्ज (प्रभार)के अधीन होगा ।

अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अनुसार बंधक संपत्ति को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समय के संबंध में ऋणियों का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

शाखा का नाम	ऋणियों/जमानतदारों के नाम	मांग सूचना दिनांक / धारण दिनांक	अचल संपत्तियों का विवरण	₹ बकाया राशि
स्कीम नं. 78 शाखा, इन्दौर	1. श्री गजेन्द्र सिंह चौहान पिता श्री दादु सिंह चौहान 2. श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान पिता श्री दादु सिंह चौहान	09.01.25 / 04.04.25	प्लाट/मकान नं. एम-105 का दक्षिणी भाग, वीना नगर कॉलोनी, ग्राम सुखलिया, तहसील एवं जिला इन्दौर (म.प्र.) पर स्थित संपत्ति का साम्यिक बंधक, मालिक: **श्री गजेन्द्र सिंह चौहान पिता श्री दादु सिंह चौहान एवं श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान पिता श्री दादु सिंह चौहान, कुल क्षेत्रफल: 750 वर्गफीट अर्थात 69.67 वर्गमीटर, चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. एम-105 का शेष भाग, **दक्षिण:** प्लाट नं. 106, **पूर्व:** कॉलोनी की सड़क, **पश्चिम:** प्लाट नं. 115	**2,32,809.00** + ब्याज एवं अन्य खर्चे - वसूली, अगर कोई

स्थान: इन्दौर, दिनांक: 06.04.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

कार्यालय कलेक्टर जिला शाजापुर (म.प्र.)

कक्ष क्रमांक 57, कलेक्ट्रेट काम्पलेक्स, लालघाटी, शाजापुर
दूरभाष नंबर 07364-226500, ई मेल पता- dmshajapur@mp.nic.in

क्र./नजीर/2025/418 — शाजापुर, दिनांक 02.04.2025

पार्किंग स्थल की नीलामी की संक्षिप्त निविदा सूचना

कलेक्टर कार्यालय शाजापुर जिला शाजापुर के परिसर में स्थापित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया वाहन की सुरक्षा के लिए पार्किंग स्थल की नीलामी एक वर्ष के लिए किया जाना है। इस हेतु इच्छुक आवेदक/संस्था से ऑफलाईन निविदा बंद लिफाफे में आमंत्रित की गई है। पार्किंग स्थल की नीलामी /संचालन के लिए मासिक न्यूनतम निविदा मूल्य राशि रूपए 11,000/- (शब्दो में ग्यारह हजार मात्र) एवं आवेदन शुल्क 500/-. (शब्दों में पाँच सौ रूपए मात्र) नियत किया गया है। इच्छुक आवेदक/संस्था द्वारा निविदा का विस्तृत विवरण व शर्ते ऑनलाईन e district shajapur shajapur.nic.in एवं ऑफलाईन कार्यालय के नोटिस बोड व कक्ष कमांक 57 में देखी जा सकती है। आवेदक/संस्था आवेदन शुल्क राशि रूपए 500/- (शब्दो में पाँच सौ रूपए मात्र) का चालान हेड 0070-60-800-0000 अन्य प्राप्तियों में जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकता है। चालान दिनांक 04.04.2025 से दिनांक 19.04.2025 की अवधि का होना चाहिए।

क्रमांक	जिला	कार्य विवरण	अमानत राशि
01	शाजापुर	कलेक्टर कार्यालय शाजापुर के परिसर में स्थापित दो पहिया/तीन पहिया/चार पहिया वाहन की सुरक्षा के लिए पार्किंग स्थल की नीलामी	पार्किंग स्थल की नीलामी के लिए अमानत राशि-25000/- (शब्दो में पच्चीस हजार मात्र)

नोट:- निविदा में भाग केवल दिनांक 04.04.205 से दिनांक 19.04.2025 सायं 05.00 बजे तक लिया जा सकता है।

कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित

डिप्टी कलेक्टर एवं
अध्यक्ष जिला निविदा समिति
जिला शाजापुर (म.प्र.)

जी -11130/25

मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, इंदौर

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.:- 01/व.ले.लि./2025-26 — इंदौर, दिनांक 02.04.2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र अपेंडिक्स 2.10 में सरल क्रमांक 1 एवं 2 के लिए प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा भवन कार्यों हेतु दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील एवं निविदा जारी करने के दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर. पर एवं सरल क्रमांक 03 एवं 4 के लिए अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग इंदौर मंडल इंदौर के पत्र क्रमांक 333 दिनांक 12.03.2025 द्वारा स्वीकृत दरों पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

सं. क्र.	कार्य का नाम	निविदा प्रपत्र की राशि (रु.)	1. ठेके की अनुमानित राशि 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का दिनांक एवं समय	1. निविदा प्रपत्र का दिनांक 2. कार्यालय	1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. आमंत्रण
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	राऊ विधानसभा इंदौर के अंतर्गत ग्राम उज्जैनी के निकट माताजी मंदिर सार्वजनिक स्थान पर टीन शेड एवं श्रमिक कालोनी भंडारण केन्द्र में कृषक विश्राम शेड का निर्माण कार्य (विधायक निधि राऊविधानसभा)	2000/-	8.23 लाख / 16460.00	15.04.25 5.0 बजे तक कार्य.यंत्री.लो.नि. वि.सं.क्र.1 इंदौर	21.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो. नि.वि. सं.क्र.1 इंदौर	22.04.25 10.00 बजे कार्य.यंत्री. लो. नि.वि. सं.क्र. इंदौर	1. 60 दिन वर्षाकाल सहित 2.प्रथम आमंत्रण
2.	राऊ विधानसभा इंदौर के अंतर्गत नालंदा कल्पवृक्ष सार्वजनिक उद्यन इंदौर वार्ड 78 एवं वार्ड नं. 7 श्री कृष्णा एवेन्यू फेस-3 सार्वजनिक उद्यान में पेवर ब्लाक एवं टीन शेड कार्य (विधायक निधि राऊविधानसभा)	2000/-	7.62 लाख / 15240.00	15.04.25 5.0 बजे तक कार्य.यंत्री.लो.नि. वि.सं.क्र.1 इंदौर	21.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो. नि.वि. सं.क्र.1 इंदौर	22.04.25 10.00 बजे कार्य.यंत्री. लो. नि.वि. सं.क्र. इंदौर	1. 60 दिन वर्षाकाल सहित 2.प्रथम आमंत्रण
3.	इंदौर में नूतन स्कूल के पास ओपन जिम (विधायक निधि विधानसभा 3)	2000/-	4.83 लाख / 9660.00	15.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो.नि. वि.सं.क्र.1 इंदौर	21.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो. नि.वि. सं.क्र.1 इंदौर	22.04.25 10.00 बजे कार्य.यंत्री. लो. नि.वि. सं.क्र. इंदौर	1. 60 दिन वर्षाकाल सहित 2.प्रथम आमंत्रण
4.	इंदौर में मल्हार आश्रम पर ओपन जिम (विधायक निधि विधानसभा 3)	2000/-	4.83 लाख / 9660.00	15.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो.नि. वि.सं.क्र.1 इंदौर	21.04.25 5.00 बजे तक कार्य.यंत्री.लो. नि.वि. सं.क्र.1 इंदौर	22.04.25 10.00 बजे कार्य.यंत्री. लो. नि.वि. सं.क्र. इंदौर	1. 60 दिन वर्षाकाल सहित 2.प्रथम आमंत्रण
			25.51 लाख				

टीप :- 1. कोरे निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 इन्दौर कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। 2, विलंब से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेंगी। 3. निविदा की वैधता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। 4. यदि निविदा प्राप्त होनेध्खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी।
5. निविदा प्रपत्र कय के लिये निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नही दिया जाएगा। 1. वैद्य पंजीकृत प्रमाण.पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफअटार्नी की प्रति। 2. पी.डब्ल्यू.डी. ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, जीएसटी प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, एनेक्चर-एच, एनेक्चर-बी (नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प 50/-) निविदा प्रपत्र क्रय राशि की रसीद।
6. प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदाएं स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी ।
7. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरर्चा के कार्यालय मे देखी जा सकती है।

जी -11147/25 — कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1, इंदौर

एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. HDFC BANK We understand your world

पंजीकृत कार्यालय: एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400013
शाखा: एच.डी.एफ.सी. हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर - 452 001 **सीआईएन :** L65920MH1994PLC080618, **वेबसाईट :** www.hdfcbank.com

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत।

जबकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठनअधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/ वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई दिनांक से 60 दिन के अंदर मांग सूचनाओं में अंकित राशियों के भुगतान हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आमंत्रित किया था। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा ऋणियों/सह-ऋणियों /वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके अंतिम ज्ञात पते के परिसर में इन सूचनाओं को चस्पा कर दिया गया था तथा ऋणियों/ सह-ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधि यदि चाहे तो वे सामान्य कार्यालयीन समय के दौरान किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता से संबंधित प्रतिलिपी प्राप्त कर सकते है।

उपरोक्त के संबंध में, एतद् द्वारा ऋणियों/सह-ऋणियों /वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को एक बार पुनः सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त ऋणियों द्वारा निष्पादित, यदि कोई हो तो ऋण अनुबंध तथा अन्य लेख/दस्तावेज के स पठित निराकरण/भुगतान की दिनांक तक नीचे दिए गए कॉलम (सी) में अंकित संबंधित दिनांक से मांग सूचनाओं में वर्णित ब्याज सहित संबंधित नामों के समक्ष नीचे दी गई राशियों का इस सूचना प्रकाशन की दिनांक से **60 दिन** के अंदर एचडीएफसी को भुगतान करें। ऋण के देय भुगतान हेतु प्रतिभूति के रुप में क्रमशः निम्न सम्पत्तियाँ ऋणियों द्वारा एचडीएफसी को बंधक रखी गई है :-

ऋणी(यों)/ सह -ऋणी(यों)/कानूनी वारिस (सों)/ कानूनी प्रतिनिधि(यों)का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के सदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्रं.	ऋणीयों/वैध वारिसों तथा वैध प्रतिनिधियों के नाम	कुल बकाया राशि	मांग नोटिस की दिनांक	सुरक्षित आस्ति(यों)/ अचल संपत्ति (यों) का विवरण
(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
1	**श्री रविंदर सिंह राजपाल** (ऋणी) **श्रीमती प्रिया वाधवा** (सह-ऋणी) 501, रॉयल कृष्णा बंगला, एमराल्ड हाइट्स स्कूल के पास, राऊ, रंगवासा, इंदौर - 453331	₹ 9,71,695/- +₹ 92,057.18 = ₹ 10,63,752.18 दिनांक 31-01-2025 तक	11-02-2025	फ्लेट 403 मिडराइज, चौथी मंजिल, एसएस इनफिनिटस टॉवर-ए ओशियनस क्लस्टर, ग्राम लसुडियामोरी, तहसील एवं जिला इंदौर-452010. **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व-लॉबी, पश्चिम-एमओएस, उत्तर-प्रकोष्ठ नंबर 404, दक्षिण-प्रकोष्ठ नंबर 402 **क्षेत्रफल: बिल्ट**/अप - 40.09 वर्ग मीटर
2	**श्री संदीप परिहार** (ऋणी) प्लॉट नंबर 135 ए (उत्तरी भाग), उत्कर्ष विहार फेज 1, महूगाँव, पीसी नंबर 4/1, सर्वे नंबर 16/1 एवं 16/2, तहसील महू, इंदौर - 453441	₹ 2,61,804/- +₹ 1,28,551.08 = ₹ 3,90,355.08 दिनांक 31-01-2025 तक	11-02-2025	प्लॉट नंबर 135 ए (उत्तरी भाग), उत्कर्ष विहार फेज 1, महूगाँव, पीसी नंबर 4/1, सर्वे नंबर 16/1 एवं 16/2, तहसील महू, इंदौर - 453441 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कॉलोनी रोड, पश्चिम - प्लॉट नंबर 146, उत्तर - प्लॉट नंबर 134, दक्षिण - प्लॉट नंबर 135-बी **क्षेत्रफल -** 56.22 वर्ग मीटर
3	**श्री सुमित परमार** (ऋणी) **श्रीमती मेघा परमार** (सह-ऋणी) 3651, सुदामा नगर, सेक्टर-ई, भगवती द्वार, इंदौर - 452009	₹ 17,26,494/- +₹ 3,93,857.30 = ₹ 21,20,351.30 दिनांक 31-01-2025 तक	25-02-2025	यूनिट - 93, उत्तरी भाग, कल्याण संपत विहार, ग्राम - नेनोद, इंदौर - 452001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नं.156, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लॉट नं. 94, दक्षिण - प्लॉट का शेष भाग **क्षेत्रफल -** 51.11 वर्ग मीटर
4	**श्री विजय कुमार मालवी** (ऋणी) C/o श्रीमती विमल दयाराम पाटिल फ्लेट - 102, कृष्णास विला, प्लॉट 65, श्री कृष्णा एवेन्यू, फेज़ III, ग्राम लिम्बोदी, खंडवा रोड, इंदौर-452020	₹ 10,07,561/- +₹ 8,643.45 = ₹10,16,204.45 दिनांक 31-01-2025 तक	28-02-2025	फ्लेट - 102, कृष्णास विला, प्लॉट 65, श्री कृष्णा एवेन्यू, फेज III, ग्राम लिम्बोदी, खंडवा रोड, इंदौर-452020 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - कॉलोनी की दीवार, पश्चिम - लॉबी एवं फ्लेट नंबर 103, उत्तर - फ्लेट नंबर 101, दक्षिण - प्लॉट नंबर 66 **क्षेत्रफल -** 53.90 वर्ग मीटर
5	**श्री विकास चौहान** (ऋणी) **श्रीमती मुस्कान चौहान** (सह-ऋणी) मकान नंबर 376, सन सिटी 2, देवास-455001	₹ 8,86,970/- +₹ 2,05,378.11 = ₹ 10,92,348.11 दिनांक 31-01-2025 तक	10-02-2025	यूनिट प्लॉट नंबर 218, अमृत पार्क कॉलोनी, ग्राम - शंकरगढ़, तहसील देवास 455001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - अन्य भूमि, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लॉट नंबर 217, दक्षिण - प्लॉट नंबर 219 **क्षेत्रफल -** 57.15 वर्ग मीटर
6	**श्री वीरेंद्र कटारिया** (ऋणी) **श्रीमती राजकुमारी** (सह-ऋणी) बी/ई 484, हाउसिंग बोर्ड, पोथमपुर - 454775 (म.प्र.)	₹ 4,00,343/- +₹ 3,96,155.21 +₹ 3,39,805/- = ₹ 11,36,303.21 दिनांक 31-01-2025 तक	25-02-2025	प्लॉट नंबर BE-484, एम.पी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पोथमपुर, जिला धार-454775 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - प्लॉट नंबर बीई-485, पश्चिम - प्लॉट नंबर BE-483, उत्तर - प्लॉट नंबर BE-503, दक्षिण - रोड **क्षेत्रफल -** 32 वर्ग मीटर
7	**श्री विशाल श्रीवास्तव** (ऋणी) **श्रीमती संगीता श्रीवास्तव** (सह-ऋणी) 401, श्रीहरिकृपा अपार्टमेंट, श्रीकृष्ण एवेन्यू फेस-I, खण्डवा रोड लिंबोदी, इंदौर - 452001	₹ 13,62,573/- +₹ 2,13,867.41 = ₹ 15,76,440.41 दिनांक 31-01-2025 तक	11-02-2025	फ्लेट नंबर 401, प्लॉट नंबर 124-ए, श्री हरि कृपा, श्री कृष्णा एवेन्यू फेज I, सेक्टर ए, ग्राम लिम्बोदी, खंडवा रोड, इंदौर - 452020 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - सीढ़ी के बाद फ्लेट नंबर 405 पश्चिम - रोड, उत्तर - फ्लेट नंबर 402, दक्षिण - अन्य प्लॉट **सुपर बिल्ट/अप क्षेत्रफल -** 101.85 वर्ग मीटर
8	**श्री विष्णु रामदयाल** (ऋणी) **श्रीमती शिवानी** (सह-ऋणी) 270, साउथ शांति नगर, महूगाँव, महू - 453441	₹ 15,38,718